समाचार

# गणतंत्र दिवस समारोह में नगर निगम की झांकी को मिला तीसरा स्थान

(प्रधानमंत्री आवास योजना के उत्कृष्ट कार्यो पर आधारित निगम की झांकी प्रदर्शन ने लोगों को किया आकर्षित)

(समारोह के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री श्री टंकराम वर्मा के हाथों महापौर एवं आयुक्त ने ग्रहण की ट्रॉफी )





कोरबा 27 जनवरी 2026 –कोरबा के जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान जिले के विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शित की गई झांकियो में नगर पालिक निगम कोरबा की झांकी को तीसरा स्थान मिला। समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश के कैबिनेट मंत्री श्री टंकराम वर्मा के हाथों महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत एवं आयुक्त श्री आशुतोष पांडे ने ट्रॉफी ग्रहण की।

प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निगम द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यो व प्राप्त उपलब्धियां पर आधारित निगम की उक्त झांकी ने कोरबा के जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में उपस्थित लोगों के मन को आकर्षित किया और लोगों ने झांकी की जमकर सराहना की । उक्त झाँकी में यह प्रदर्शित किया गया था कि प्रधानमंत्री आवास योजना से कच्ची खपरैल झोपड़ी में निवास करने वाले हमारे गरीब, निर्धन भाइयो को अब सर्वसुविधायुक्त विकसित कॉलोनी के पक्के बहुमंजिला इमारत के फ्लैट्स उनके रहने के लिए उपलब्ध हो गए है। यहाँ यह बताना लाजमी होगा कि नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत उल्लेखनीय उपलब्धियां प्राप्त की गई है , एक ओर जहां प्रधानमंत्री आवास योजना के ए एच पी घटक अंतर्गत 3265 फ्लैट का निर्माण निगम द्वारा कराया गया , वही योजना के प्रथम फेस में बी एल सी घटक अंतर्गत 4000 आवास गृहों का निर्माण निगम क्षेत्र में हुआ , इसी प्रकार प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के तहत बी एल सी घटक के अंतर्गत शासन द्वारा प्रदत लक्ष्य से आगे बढ़कर 3500 आवास गृहों का डीपीआर तैयार कर शासन को भेजा, स्वीकृतियां प्राप्त की तथा प्रदेश के नगरीय निकायों में नगर निगम कोरबा प्रथम स्थान पर रहा। निगम द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना पर आधारित भव्य झांकी का प्रदर्शन आज गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान किया गया तथा निगम की झांकी को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ।